पेज थ्री देहरादून

हमारा दून

देहरादून, बुधवार, 18 मई 2022

पेज 8

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने दो ट्रैवलर एंबुलेंस हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।



# पंजीकरण में आ रही व्यवहारिक परेशानियों को किया जाएगा दूर

**बैठक**

■ जिलाधिकारी देहरादून ने चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा

■ व्यवस्थाओं की समीक्षा की, दिए चाक–चौबंद करने के निर्देश



संवाददाता

ऋषिकेश। जिलाधिकारी देहरादून डा. आर राजेश कुमार ने मंगलवार को ऋषिकेश पहुंच कर यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्होंने व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के समक्ष किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। इसके लिए विभागीय अधिकारी जवाबदेह होंगे।

**तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों से अब तक का फीडबैक लियाः** मंगलवार को जिलाधिकारी ने ऋषिकेश में श्री भरत मंदिर इंटर कालेज के समीप, लोक निर्माण विभाग निरीक्षण भवन के समीप और भरत विहार में अस्थाई पार्किंग स्थल के लिए चयनित भूमि का निरीक्षण किया। वह भद्रकाली चेक पोस्ट पहुंचे। यहां उन्होंने एसडीआरएफ की पुलिस चौकी में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों से अब तक का फीडबैक लिया।

**सभी विभागों के साथ बेहतर तालमेल बनाएंः** श्रद्धालुओं ने उनके समक्ष दर्शन के लिए स्लाट संबंधी समस्या को रखा। जिलाधिकारी ने मुनिकीरेती स्थित गढ़वाल मंडल विकास निगम अतिथि गृह में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने उप जिलाधिकारी व यात्रा नोडल अधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी को निर्देशित किया कि सभी विभागों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर यात्रियों के लिए तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने कहा कि पंजीकरण में आ रही व्यवहारिक परेशानियों को दूर किया जाएगा। शासन की ओर से विभिन्न धामों में भीड़ नियंत्रण के लिए जो व्यवस्था लागू की गई है वह श्रद्धालुओं को परेशानी से बचाने के लिए ऋषिकेश में रुकने वाले यात्रियों के लिए पड़ाव को सभी सुविधाओं से सुसज्जित किया जाए।

इस दौरान तहसीलदार अमृता शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक डीसी ढोंडियाल, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अरविंद कुमार पांडे, प्रवर्तन मोहित कोठारी, थाना प्रभारी निरीक्षक मुनिकीरेती रितेश शाह, ऋषिकेश रवि सैनी आदि मौजूद रहे।

## सभी महत्वपूर्ण प्रोजक्ट उन्नति पोर्टल में किये जाए शामिल

**निर्देश**

■ सभी सचिव एवं विभागाध्यक्ष अपने विभागों की परियोजनाओं की नियमित समीक्षा करें



संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने मंगलवार को सचिवालय में उन्नति पोर्टल के प्रस्तुतीकरण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि उन्नति पोर्टल के सही क्रियान्वयन के लिए सभी सचिव एवं विभागाध्यक्ष अपने विभागों की परियोजनाओं की नियमित समीक्षा करें। सभी महत्वपूर्ण प्रोजक्ट उन्नति पोर्टल में शामिल किये जाएं।

परियोजनाओं को समय पर पूर्ण करने के लिए विभागीय सचिव पोर्टल की नियमित समीक्षा करेंगे। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी अंतर विभागीय परियोजनाओं को उन्नति पोर्टल में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी महत्वपूर्ण प्रकृति के प्रोजक्ट जल्द उन्नति पोर्टल पर आ जाएं। इसके लिए इनबिल्ट मैकेनिज्म बनाएं। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने लिए सभी सचिव अपने विभागों की योजनाओं की निरंतर समीक्षा के साथ ही अंतरविभागीय समन्वय पर विशेष ध्यान दें।

निदेशक आईटीडीए अमित सिन्हा ने उन्नति पोर्टल के बारे में विस्तार से प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने कहा कि उन्नति पोर्टल में मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, विभागीय सचिव, आर.सी ऑफिस, जिलाधिकारीयों एवं विभागाध्यक्षों के डेशबोर्ड बनाये गये हैं। अभी तक पोर्टल में 34 विभागों के 120 प्रोजक्ट शामिल किये गये हैं। उन्नति पोर्टल को और प्रभावी बनाने के लिए जो सुझाव प्राप्त होंगे, उनको शामिल कर इसे और बेहतर बनाने के प्रयास किये जायेंगे।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, एल. फैनई, सचिव नितेश झा, आर मीनाक्षी सुदरम, शैलेश बगोली, श्रीमती सौजन्या, डॉ. पंकज पाण्डेय, एच. सी सेमवाल, दीपेन्द्र चौधरी, विनोद कुमार सुमन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### कैम्पटी फाल और मुनिकीरेती तपोवन में भारी वाहनों पर प्रतिबंध

**संवाददाता** देहरादून। पर्यटन सीजन एवं चारधाम यात्रा के चलते इन दिनों कैम्पटी फाल और ऋषिकेश के मुनिकीरेती क्षेत्र में वाहनों का दबाव बढ़ गया है। जिसे देखते हुए अब टिहरी जिले में स्थित पर्यटक स्थल कैम्पटी फाल और मुनिकीरेती तपोवन में भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अब यहां शनिवार और रविवार को सुबह छह बजे से रात आठ बजे तक भारी वाहनों के आवागमन पर पाबंदी रहेगी। जिलाधिकारी इवा श्रीवास्तव ने बताया कि जाम की समस्या से निपटने के लिए यह फैसला किया गया है। कैम्पटी फाल में बड़े वाहनों के संचालन के कारण भारी जाम लग रहा था। इसलिए यह कदम उठाया गया है।

### टेक्नोलॉजी से युक्त दो ट्रैवलर एंबुलेंस प्रदान की

**संवाददाता संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री आवास में स्थित कैंप कार्यालय में मंगलवार सुबह सीएसआर के तहत डिक्सन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड द्वारा उत्तराखंड सरकार को आधुनिक टेक्नोलॉजी से युक्त दो ट्रैवलर एंबुलेंस प्रदान की गईं। एंबुलेंस की सेवाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री श्री धन सिंह रावत और डिक्सन टेक्नोलॉजीज के सीईओ राजीव लोनियाल भी मौजूद थे।

### मेडिमिक्स ने कैटरीना कैफ को अपना ब्राण्ड एम्बेसडर बनाया

**संवाददाता** देहरादून। भारत के अग्रणी आयुर्वेदिक पर्सनल केयर ब्राण्ड्स में से एक मेडिमिक्स ने कैटरीना कैफ को अपना ब्राण्ड एम्बेसडर बनाने की घोषणा की है। घर–घर में जाना–पहचाना ब्राण्ड मेडिमिक्स पिछले 50 वर्षों में 'प्राकृतिक तरीके से त्वचा की देखभाल' का पर्याय बनकर आगे बढ़ा है। अपनी पोजीशनिंग "तेजी से काम करने वाले आयुर्वेद से त्वचा को स्वस्थ बनाएं" के साथ इस ब्राण्ड का लक्ष्य ऐसे युवाओं तक पहुँचना है।

### पिज्जा हट ने पेश किया क्रिस्पी सैन फ्रांसिस्को स्टाईल पिज्जा

**संवाददाता** देहरादून। भारत के सबसे पसंदीदा और भरोसेमंद पिज्जा ब्रांड पिज्जा हट ने हल्का, क्रिस्पी और स्वादिष्ट सैन फ्रांसिस्को स्टाईल पिज्जा लॉच किया है। पिज्जा लवर्स के लिए प्रस्तुत, यह खास सैन फ्रांसिस्को स्टाईल पिज्जा शैफ्स स्पेशल सॉस तथा ऐक्स्ट्रा वर्जिन ओलिव ऑयल के साथ बनाया गया है। पिज्जा हट के मेन्यू में शामिल सभी वैज और नॉन–वैज मौजूदा टॉपिंग कॉम्बिनेशंस के साथ इस पिज्जा का आनंद लिया जा सकता है। सैन फ्रांसिस्को स्टाईल का एक पिज्जा मात्र रु. 129 में उपलब्ध है।

### देव भूमि की छवि धूमिल कर रही कांग्रेसः चौहान

देहरादून। भाजपा ने कॉंग्रेस पर चार धाम यात्रा में अव्यवस्था का दुषप्रचार करने और कानून व्यवस्था पर दुर्भावनावश गलत बयानी कर देवभूमि उत्तराखंड की छवि खराब करने का आरोप लगाया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान कहा कि एक और कॉंग्रेस की प्रवक्ता यात्रा व्यवस्था को लेकर स्वयं गलत वीडियो जारी करने पर माफी मांग रही हैं दूसरी और प्रदेशाध्यक्ष करन माहरा, प्रीतम सिंह व अन्य वरिष्ठ नेता अभी भी यात्रा व्यवस्था पर गलतबयानी कर राजनीति करने में लगे है। लगता है कॉंग्रेसियो को राज्य में रिकॉर्ड तीर्थयात्रियों का पहुंचना हजम नही हो रहा है। वह देश विदेश से आने वाले पर्यटकों में खौफ पैदा कर उन्हे यहां आने से रोकना चाहती है। चौहान ने आरोप लगाया कि कॉंग्रेस के तमाम नेता कानून व्यवस्था पर अनर्गल आरोप लगा कर सूबे को बदनाम करने की कोशिश में जुटे है। जबकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी केनेतृत्व में प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था के मोर्चे पर बेहतर कार्य कर रही है । चार धाम क्षेत्र मे बुजुर्ग और महिलाओं की सहायता में जुटे सुरक्षा कर्मियों के द्वारा किये जा रहे कार्य उन्हें नहीं दिखाई दे रहे हैं।

### पीसीसी अध्यक्ष ने चंपावत उपचुनाव के लिए पार्टी नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी

**संवाददाता** उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अध्यक्ष करन माहरा के निर्देश पर कांग्रेस ने चम्पावत विधानसभा उपचुनाव में प्रचार–प्रसार हेतु पार्टी के वरिष्ठ नेतागणों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संगठन विजय सारस्वत ने बताया कि कांग्रेस पार्टी चम्पावत विधानसभा चुनाव पूरी ताकत के साथ लड रही है तथा चुनाव परिणाम चौकाने वाले होंगे। उन्होंने कहा कि पदेश अध्यक्ष करन माहरा विधानसभा क्षेत्र में पहुंच कर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आम जनता से पार्टी प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में जुट गये हैं। सारस्वत ने कहा कि पार्टी द्वारा विधानसभा क्षेत्र को सेक्टरों में विभाजित करते हुए अन्य वरिष्ठ नेतागणों को भी शीघ्र ही विधानसभा क्षेत्र में पहुंचने का आग्रह किया है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।